आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

सीएम

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ई–व्हीकल समय की मांग है और इसके लिए सरकार विभिन्न स्थानों पर ई–व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी। सोलन ज़िला के गांधीग्राम में आयोजित ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट यूनियन सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों के रैस्टहाउस, पंचायत घरों और पर्यटन विकास निगम के 65 होटलों में ये चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा 44 निजी होटलों में ई–व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट यूनियन इस सम्मेलन के भविष्य में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

मुख्यमंत्री

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज शिमला में अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक व विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण विभाग के ई–कल्याण पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के सभी पात्र आवेदक निदेशालय के अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही पेंशन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ई–कल्याण पोर्टल को हिम भूमि, हिम परिवार, आधार और पी.डी.एस. राशनकार्ड डाटाबेस से एकीकृत किया गया है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवा सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता के लिए सामूहिक प्रयासों का आहवान किया है। वे कल शाम ऊना जिला में राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी लोक संस्कृति और नैतिक मूल्यों के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है और इस तरह के उत्सव हमारी परंपराओं को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अग्निहोत्री

इस बीच, हरोली उत्सव के दूसरे दिन आज सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति जागरूकता मैराथन आयोजित की गई। प्रदेश परिवहन व खेल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस मैराथन को उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार नशा मुक्त ऊना– नशा मुक्त हिमाचल बनाने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ सख्त कानून बनाए हैं और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस दौरान मुकेश अग्निहोत्री ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वयं इलेक्ट्रिक स्कूटी चलाकर हरित परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री ने स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए ई–मोबिलिटी को भविष्य की आवश्यकता बताया।

पीपल मेला

उधर, कुल्लू के ढालपुर मैदान में देवता गौहरी के आगमन के साथ ही तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पीपल मेला आज शुरू हुआ। तीन दिन तक देवता गौहरी यहां अस्थायी शिविर में विराजमान रहेंगे। मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं के अलावा खेलकूद व स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिताएं भी करवाई जा रही हैं। कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या का आज शुभारम्भ करेंगे। मेले में हिमाचल के अलावा बाहरी राज्यों से भी व्यापारियों ने अपने स्टॉल लगाए हैं।

गोविंद ठाकुर

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया है कि मौजूदा राज्य सरकार ने कर्मचारियों के उत्पीड़न को अपनी नीति बना लिया है। एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा है कि हाल ही में प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों के खिलाफ मुकद्दमे दर्ज कर उन्हें निलंबित करना सरकार के कर्मचारी विरोधी रवैये को दर्शाता है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय कर्मचारियों की समस्याओं व मांगों के समाधान के लिए संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती थी लेकिन वर्तमान सुक्खू सरकार कर्मचारियों की आवाज़ सुनने की बजाय उन्हें दंडित कर रही है जो चिंताजनक है। उन्होंने शिक्षकों के खिलाफ की गई कार्रवाई को निरस्त करने की सरकार से मांग की है।

.....................................................................